# समाज कल्याण विभाग

## अध्याय-2 ( मैनुअल-1)

### संगठन की विशिष्टियां, कृत्य एवं कर्त्तव्य

**1. लोक प्राधिकरण के उद्देश्य** :- लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना के पश्चात भारतीय संविधान में यह प्रावधान किया गया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा गरिमा बनाये रखना प्रथम कर्त्तव्य होगा । इस प्रयोजन हेतु संविधान में समानता के अधिकार को स्थान दिया गया । भारतीय समाज में व्याप्त जातिगत विभेद एवं असमानता को ध्यान में रखते हुए नीति निदेशक सिद्धान्तों के माध्यम से समाज के उपेक्षित एवं शोषित वर्ग को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय दिलाने हेतु राजकीय संगठन में समाज कल्याण विभाग की स्थापना करते हुए निर्बल एवं शोषित वर्गो के सर्वांगीण विकास का दायित्व सौंपा गया है । इसके अन्तर्गत मुख्यतः महिलायें, बच्चें, दिव्यांग, वृद्ध का बहुमुखी विकास तथा सामाजिक कूरितीयां दूर करने का कार्य निरुपित किया गया है ।

**2. लोक प्राधिकरण का मिशन/विजन**:- समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत दिव्यांग व्यक्तियों, महिलाओं तथा बच्चों के शैक्षणिक विकास, आर्थिक विकास एवं सामाजिक विकास के कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया जाता है । सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं का कार्यान्वयन इस विभाग का मुख्य कार्य है । महिलाओं एवं बच्चों के पोषाहार एवं 0 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा तथा स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम भी समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जाती है ।

**3. लोक प्राधिकरण का संक्षिप्त इतिहास और गठन का प्रसंग**:- समाज के उपेक्षित तथा शोषित वर्ग के सर्वांगीण विकास का ध्येय संविधान निर्माताओं द्वारा रखी गई । इस उद्येष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग की स्थापना कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना संख्या- 1/पी-1-1-009/2000 एवं का0-5383 दिनांक- 26-6-2000 द्वारा की गई । पूर्व में यह विभाग कल्याण विभाग के अन्तर्गत कार्यरत था। इसके अन्तर्गत महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांगों के लिए विभिन्न कार्यक्रम रखे गये योजनाओं को सही दिषा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पुनः कल्याण विभाग का पुनर्गठन तीन विभागों में यथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछडा वर्ग कल्याण विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के रूप में गठित किया गया है । इस प्रकार 1 अप्रैल 2007 से समाज कल्याण विभाग स्वतंत्र विभाग के रूप में कार्य कर रही है ।

**4. लोक प्राधिकरण के कर्त्तव्य**:- समाज कल्याण विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादित किये जाते है:-

1. भिखमंगों का पुनर्वास ।
2. यौन कार्यकर्त्ताओं का पुनर्वास ।
3. महिलाओं तथा बच्चों के कल्याण तथा सशक्तिकरण संबंधी सभी कार्य ।
4. महिलाओं तथा बच्चों के लिए विशेष पोषाहार योजना ।
5. समाज कल्याण बोर्ड ।

6. दहेज प्रथा का उन्मूलन ।
7. महिला तथा बालों के कल्याण, विकास तथा अधिकारिता से संबंधित सभी अधिनियमों का प्रशासन ।
8. विभाग में नियोजित सभी वर्ग के पदाधिकारियों का नियंत्रण ।
9. कल्याण बोर्ड तथा दत्तक ग्रहण से संबंधित सभी अधिनियमों का प्रशासन ।
10. विभाग के दखल में स्थित सभी भवनों का प्रशासनिक भार ।
11. सभी प्रकार के विशेष सुधार गृहों का नियंत्रण एवं प्रशासन, जैसे:- बाल सुधार गृह, औबजरवेशन होम, ऑफटर केयर होम, सेल्टर होम, विशेष गृह, शिशु गृह इत्यादि ।
12. दिव्यांगत व्यक्तियों से संबंधित सभी अधिनियमों का प्रशासन तथा इनके कल्याणार्थ भी योजनाओं का कार्यान्वयन ।
13. वृद्धावस्था / सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण ।
14. वरीय नागरिकों के कल्याण से संबंधित सभी कार्य एवं योजनायें ।
15. दिव्यांगता अधिनियम अन्तर्गत दिव्यांगतों के कल्याणार्थ चलायी जा रही सभी योजनाओं का कार्यान्वयन ।
16. जाति प्रथा का उन्मूलन ।
17. नशामुक्ति एवं नशाग्रस्त व्यक्तियों का पुनर्वास ।
18. अपराधशील जनजातियों तथा समाज वहिष्कृत अन्य जातियों का पुनर्वास ।
19. भूतपूर्व अपराधशील जनजातियों के लिए विशेष गृह निर्माण योजनायें ।

**5. लोक प्राधिकरण के मुख्य कृत्य/कार्य क्षेत्र**:- उपर्युक्त उद्देश्य के पूर्ति हेतु समाज कल्याण समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत तीन निदेशालय है:-

## आई. सी. डी. एस. निदेशालय के अन्तर्गत विशिष्ट उपलब्धियॉ:-

### 1. पूरक पोषाहार कार्यक्रम का विकेन्द्रीकरण:-

राज्य सरकार द्वारा ''ऑगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर पूरक पोषाहार का विकेन्द्रीकरण योजना'' वित्तीय वर्ष 2000-2001 में प्रारंभ की गई है। संप्रति बिहार राज्य, देश का पहला राज्य है जहॉ पूरक पोषाहार कार्यक्रम को संपूर्ण रूप में विकेन्द्रीकृत किया गया है। इतना ही नहीं माननीय सर्वोच्च नयायालय ने सभी राज्यों में पूरक पोषाहार कार्यक्रम की विकेन्द्रीकृत व्यवस्था लागू करने का आदेष दिनांक 07.10.2004 को पारित किया है।इस व्यवस्था के अन्तर्गत प्रत्येक ऑगनबड़ी केन्द्र पर ''पोषाहार वितरण कार्यान्वयन समिति'' के सहयोग से पोषाहार सामग्रीयों का क्रय एवं वितरण किया जाता है। समिति में संबंधित ऑगनबाड़ी सेविका सदस्य सचिव तथा लाभान्वित परिवारों द्वारा चयनित महिला अध्यक्ष होती है तथा लाभान्वितों द्वारा लाभान्वित महिला समूह में से चयनित तीन सदस्या, ग्राम पंचायत के मुखिया तथा संबंधित टोले के ग्राम पंचायत सदस्य भी सदस्य होते है।

### समेकित बाल विकास सेवाए (ICDS) निदेशालय:-

इस निदेशालय के द्वारा मुख्यतः आई.सी.डी.एस. की योजना संचालित होती है, जिसके अन्तर्गत समेकित रूप से 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्मवती तथा धातृ महिलाओं व किषोरी बालिकाओं को 1. पूरक पोषाहार (supplementary Nutrition) 2. स्कूल पूर्व शक्षा (Pre-School Education) 3. टीकाकरण (Immunization) 4. स्वास्थ्य जॉच (Health Checkup) 5. संदर्भित

सेवायें (Referral Services) 6. पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा (Nutrition & Health Education) सहित छः प्रकार की सेवाए प्रदान की जाती है। योजना के कार्यान्वन हेतु नीतिगत विषयों, बजट, प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक कार्य, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन आदि का कार्य भी होता है।

- 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती तथा धात्री महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को इस कार्यक्रम द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाती है। क्रम संख्या 3 से 6 में अंकित सेवाएँ स्वास्थ विभाग के समन्वय से किए जाते हैं।

## पूरक पोषाहार कार्यक्रम

- 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों (कुपोषित - रू. 6.00 प्रतिदिन की दर से एवं अतिकुपोषित - रू. 9.00 प्रतिदिन की दर स्वीकृत )
- माह में एक बार 15 तारीख को 25 दिनों के लिए घर ले जाने हेतु टेक होम राशन (THR) दिया जाता है। वर्त्तमान में लगभग 35 लाख बच्चों इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

| लाभार्थी | लाभार्थी वर्ग | चावल | दाल | अतिरिक्त पोषण |
|---|---|---|---|---|
| 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे | सामान्य रूप से कुपोषित बच्चे | 2.5 कि.ग्रा. (प्रति बच्चा/ प्रति माह) | 1.250 कि.ग्रा. (प्रति बच्चा/ | सोयाबड़ी (250 ग्राम)/उबला अंडा (सप्ताह में दो बार बुधवार-शुक्रवार को) |
| 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे | अतिकुपोषित बच्चे | 4 कि.ग्रा. (प्रति बच्चा/ प्रति माह) | 2 कि.ग्रा. (प्रति बच्चा/ | सोयाबड़ी (250 ग्राम)/उबला अंडा (सप्ताह में दो बार बुधवार-शुक्रवार को) |

**<u>3-6 वर्ष तक के बच्चों के लिए (रू. 6.00 प्रतिदिन की दर स्वीकृत)</u>**

- प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र में स्कूल पूर्व शिक्षा ग्रहण करने वाले 3-6 वर्ष के बच्चों को सुबह का नाश्ता तथा गर्म पका भोजन दिया जाता है।
- गर्म पका भोजन प्रतिदिन मेनू के अनुसार, सोमवार, बुधवार और शनिवार को खिचड़ी, मंगलवार को पुलाव, वृहस्पतिवार को सुजी का हलवा और शुक्रवार को रसियाव परोसा जाता है।
- इन्हें सप्ताह में एक दिन (शुक्रवार) को उबला अंडा भी दिया जाता है।
- वर्त्तमान में लगभग 35 लाख 3-6 वर्ष के बच्चे इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

### गर्भवती / धातृ महिलाओं (रू. 7.00 प्रतिदिन की दर स्वीकृत )

- माह में एक बार 25 दिनों के लिए घर ले जाने हेतु टेक होम राशन (THR) दिया जाता है।
- वर्त्तमान में लगभग 14 लाख गर्भवती एवं धातृ महिलाऐं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में पोषाहार मद् केन्द्रांश एवं राज्यांश में 50:50 अनुपात कुल रू0 96796.36 लाख आंवटित की गई जिसके विरूध रू 95433.75 लाख का व्यय है जो आंवटित राशि का 98.59 प्रतिशत है।

| लाभार्थी | लाभार्थी वर्ग | चावल | दाल | अतिरिक्त पोषण |
|---|---|---|---|---|
| महिलाएं | गर्भवती एवं धातृ | 3 कि.ग्रा. (प्रति महिला/ प्रति माह) | 1.5 कि.ग्रा. (प्रति बच्चा/ | सोयाबड़ी (250 ग्राम)/उबला अंडा (सप्ताह में एक बार शुक्रवार को) |

## स्कूल पूर्व शिक्षा

- आँगनबाड़ी केन्द्रों पर 3-6 वर्ष तक के बच्चों को खेल, कविता, कहानी एवं अन्य अनौपचारिक माध्यमों से स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है।
- इसका उद्देश्य बच्चे का सामाजिक, भावनात्मक, ज्ञानात्मक, शारीरिक, मानसिक एवं भाषात्मक विकास है।
- यह बच्चे को औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करता है जिससे पढ़ाई छोड़ने की प्रवृति में कमी आती है।
- प्रत्येक वर्ष स्कूल पूर्व शिक्षा हेतु **PSE KIT** क्रय करने के लिए राशि दी जाती है।
  वित्तीय वर्ष 2016-17 में **PSE KIT** हेतु केन्द्रांश एवं राज्यांश में 60:40 के अनुपात में केन्द्रांश मद् से रू. 2053.93 लाख तथा राज्यांश मद् से रू. 1369.29 लाख कुल रू. 3423.22 लाख आंवटित किया गया।
- **PSE KIT** क्रय हेतु राज्य स्तर पर निविदा का प्रकाशन किया गया है निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 7.04.2017 है।

## आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों का पोशाक योजना

- यह शत्-प्रतिशत राज्य योजना है।
- आँगनबाड़ी केन्द्रों पर स्कूलपूर्व शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी नामांकित बच्चों को पोशाक के लिए प्रत्येक वर्ष रू 250/- 2 प्रति बच्चा उनके अभिभावकों को दी जाती है।
- सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों का केन्द्रवार माइक्रोप्लान तैयार कर शिविर आयोजित कर पोशाक की राशि का वितरण किया जाता है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में 33.97 लाख बच्चों को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। राज्यांश सामान्य एवं विशेष घटक मद् में कुल रू. 8895.70 लाख आंवटित किया गया जिसके विरूध रू. 8492.79 लाख का व्यय है जो कुल आंवटित राशि का 95.47 प्रतिशत है।

## एम.आई.एस. प्रणाली

आई.सी.डी.एस. योजना के अनतर्गत MIS को सुदृढ करने हेतु राज्य स्तर पर डाटा सेन्टर की स्थापना की गयी हे। जिला/परियोजना स्तर पर संबंधित कार्यालयों में कम्प्यूटर की व्यपस्था की गयी साथ ही उक्त कार्यालयों में कम्प्यूटर के संधारण हेतु बेल्टॉन / जिला स्तरीय पैनल से डाटा इन्टी ऑपरेअर की सेवाए उपलबध करायी गयी है।

- यह शत्-प्रतिशत राज्य योजना है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में 638.48 लाख रूपये व्यय किये गए।

## आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की कार्य योजना

- वित्तीय वर्ष 2016-17 में मनरेगा एवं आई.सी.डी.एस. के अभिसरण से 1000 आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण करने हेतु ग्रामीण विकास विभाग से सहमति के आधार पर विभिन्न जिलों में निर्माण कार्य की जा रही है।
- प्राक्कलन के आधार पर प्रति केन्द्र रू 5 लाख मनरेगा कार्यक्रम से तथा रू 2 लाख आई.सी.डी.एस. के केन्द्र निर्माण मद् से व्यय किए जाने का प्रावधान है।
- आई.सी.डी.एस. मद् से रू 2 लाख की राशि में 60 प्रतिशत भारत सरकार तथा 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण मद् में केन्द्रांश एवं राज्यांश मिला कर कुल रू 2000.00 लाख की राशि सभी जिलों को आंवटित की गई जिसके विरूध रू. 1828.40 लाख का व्यय है जो कुल आंवटित राशि का 91.42 प्रतिशत है।

## 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण

- ऑगनबाड़ी केन्द्र के 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण का कार्य भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण **(UIDAI)** के चयनित एजेन्सियों के द्वारा किया जा रहा है, पूर्व से 16.27 प्रतिशत बच्चों का आधार है।
- शेष 83.73 प्रतिशत बच्चों के आधार-कार्ड पंजीकरण को त्वरित गति प्रदान करने हेतु आई.सी.डी.एस. निदेशालय द्वारा महिला पर्यवेक्षिकाओं को टैब एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध करा दिया गया है।
- आधार पंजीकरण का कार्य सम्पादित करने हेतु महिला पर्यवेक्षिकाओं का प्रशिक्षण 14 जिलों, यथा- अररिया, अरवल, बक्सर, भोजपुर, दरभंगा, कटिहार, पटना, जहानाबाद, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, नालन्दा, पूर्णियॉ एवं गया में पूर्ण हो चुका है एवं शेष जिलों में इस माह में पूर्ण होने की संभावना है।

राज्य के सभी जिलों में प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा आधार पंजीकरण का कार्य किया जायेगा।

## <u>सेविका / सहायिका चयन</u>

- सेविका एवं सहायिका के चयन हेतु संशोधित मार्गदर्शिका 5 अप्रिल 2016 को लागू किया गया।
- चयन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए नई मार्गदर्शिका के अनुसार सेविका / सहायिका चयन की जिम्मेवारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के स्थान पर महिला पर्यवेक्षिका, को दिया गया है।
- सबंधित वार्ड सदस्य तथा सबंधित पंच को भी चयन समिति में रख गया है।
- राज्य में 91677 स्वीकृत आंगनवाड़ी केन्द्र हैं - 86237 सामान्य आंगनबाड़ी केन्द्र - 5440 मिनि आंगनबाड़ी केन्द्र

- कार्यरत सेविका बल 91677 के विरूध 86855 - 94.74:
- कार्यरत सहायिका बल 86237 के विरूध 80100 - 92.88:
- गत माह में 23,041 नए आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना हेतु मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन केन्द्रों को संचालित करने हेतु निर्देष जारी कर दिए गए हैं, सेविका / सहायिका की चयन प्रक्रिया की जा रही है।

## DBT से सेविका / सहायिका का मानदेय एवं राज्य भत्ता का भुगतान

- सेविका एवं सहायिका का मानदेय एवं राज्य भत्ता का भुगतान **DBT** के माध्यम से अक्टुबर 2016 से सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है।
- लगभग 99.07 प्रतिशत सेविकाओं एवं 97.40 प्रतिशत सहायिकाओं का बैंक खाता प्राप्त कर उनके मानदेय एवं राज्य-भत्ता (जून 2016 से फरवरी 2017) तक का भुगतान **DBT** के माध्यम से किया गया।
- लगभग 88.34 प्रतिशत सेविकाओं तथा 78.0 प्रतिशत सहायिकाओं का बैंक खाता आधार सं0 से लिंक करा लिया गया है।
- भारत सरकार के **PFMS** पोर्टल से बैंक-खाता एवं आधार सं0 का सत्यापन कराते हुए **DBT** के माध्यम से भुगतान किया जाता है इस कार्य में । **XIS** बैंक का सहयोग लिया जा रहा है।

## Early Childhood Care & Education

- राज्य में आँगनबाड़ी केन्द्रों पर स्कूल पूर्व शिक्षा कार्यक्रम की गुणवत्ता सुधारने हेतु राष्ट्रीय ECCE नीति, 2013 के आलोक में भारत सरकार द्वारा दिए दिशा-निर्देशो के आधार पर कई प्रभावकारी कदम उठाए गए हैं, जो निम्नलिखित हैं:-
- **State Specific Curriculum** का निर्माण।
- राज्य **ECCE** परिषद् तथा राज्य **ECCE** कार्यकारिणी समिति एवं जिला प्रखण्ड समन्वय समिति अधिसूचित।
- **ECCE** पाठ्यक्रम का मुद्रण एवं पाठ्यक्रम का सभी आँ0 केन्द्रों पर वितरण।
- सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों को उन्मुखीकरण प्रशिक्षण।
- प्रत्येक जिले से 2-2 बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रथम फेज में 3-3 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पूर्ण।
- पुनः अप्रैल माह में प्रत्येक जिले की 5-5 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उन्मुखीकरण प्रशिक्षण की योजना। **ECCE** प्रशिक्षण मद में भारत सरकार से प्राप्त प्रथम किस्त की राशि का जिला एवं सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण हेतु आवंटन तथा इसकी कार्ययोजना एवं दिशा-निर्देश जिला प्रोग्राम पदाधिकारियों को निर्गत।

## राजीव गाँधी किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम- सबला

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य 11-18 वर्ष की किशोरियों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाना तथा उन्हें जीवन कौशल प्रदान कर सशक्त बनाना है।

- यह राज्य के 12 जिलों क्रमशः पटना, बक्सर, गया, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, पश्चिम चम्पारण, वैशाली, सहरसा, किशनगंज, कटिहार, बांका एवं मुंगेर में लागू है।

## इसके मुख्य अवयव निम्न है:-

- प्रत्येक माह 22वें दिन टी.एच.आर. दिया जाता है।
- 16 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र की लड़कियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- पोषण और स्वास्थ्य संबंधित शिक्षा।
- परिवार कल्याण और प्रजनन एवं स्वास्थ्य पर परामर्श और मार्गदर्शन।
- जीवन कौशल और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुचने की शिक्षा।
- IFA की गोलियाँ उपलब्ध कराना।
- स्वास्थ्य जाँच और संदर्भ सेवायें।

गत वर्ष लगभग 19 लाख किशोरियों को लाभान्वित किया गया।

### मातृत्व सहयोग योजना (MBP)

- इस योजना का उद्देश्य गर्भवती/धातृ महिलाओं तथा नन्हें शिशु (0-6 माह) के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना है।
- यह योजना राज्य के दो जिलों सहरसा एवं वैशाली में चलाया जा रहा था, जनवरी 2017 से इसे सभी जिलों में लागू कर दिया गया है।
- इसके अंतर्गत गर्भवती/धातृ महिलाओं को निर्धारित शर्तो यथा प्रसव पूर्व जाँच, आयरन की गोली का नियमित सेवन, बच्चे को सभी टीके लगवाना इत्यादि को पूर्ण करने पर रू0 6000/- की नगद प्रोत्साहन राशि 2 किस्तों में दी जाती है।
- सहयोग राशि प्रथम 2 बच्चों के लिए दिया जाता है तथा इसके लिए लाभार्थी का खाता खोलकर आधार सं0 से लिंक करने के उपरान्त **PFMS Portal** पर अपलोड करते हुए **DBT** के माध्यम से राशि का हस्तांतरण करना है।
- सभी जिलों से लाभार्थियों की सूची तैयार कर आई.सी.डी.एस. के बेवसाईट पर ऑन-लाईन भेजी जा रही है तत्पश्चात इसे भारत सरकार के **PFMS** पोर्टल पर डाला जाएगा।

## ICDS System Strengthening & Nutrition Improvement Project

**पृष्ठभूमि:-** विश्व बैंक संपोषित **ISSNIP** योजना राज्य के 19 जिलों के 281 परियोजना अंर्तगत 49251 आँगनबाड़ी केन्द्रों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य कुपोषण की दर में कमी लाना, 0-2 वर्ष के शिशुओं के शारिरिक एवं मानसिक विकास पर बल देना तथा आई.सी.डी.एस. पद्धति को मजबूती प्रदान करना।
- उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निम्ननिखित कार्य किए जा रहे हैः-

- आई0 सी0 टी0 - आर0 टी0 एम0द्ध रोल आउट
- क्रमिक क्षमता विकास: आई0 एल0 ए0द्ध
- समुदाय आधारित कार्यक्रम ; अन्नप्राशनद्ध
- अभिनव/नवाचार प्रयोग
- कार्यक्रम प्रबंधन

## आई.सी.डी.एस. निदेशालय का संगठनात्मक ढांचा

निदेशक

संयुक्त निदेशक

उप निदेशक

सहायक निदेशक /प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी/

प्रशिक्षण पदाधिकारी / विशेष पदाधिकारी/

अनुश्रवण पदाधिकारी/सांख्यिकी पदाधिकारी

लेखा पदाधिकारी

प्रशाखा पदाधिकारी/

लेखा पदाधिकारी

सहायक/सांख्यिकी सहायक

## जिला स्तर पर

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
प्रखंड/ परियोजना/

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी

**आई.सी.डी.एस. निदेशालय स्तर पर अपीलीय प्राधिकार, लोक सूचना पदाधिकारी तथा सहायक लोक सूचना पदाधिकारी का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अपीलीय प्राधिकार | निदेशक, आई.सी.डी.एस. |
| 2. | लोक सूचना पदाधिकारी | सहायक निदेशक, आई.सी.डी.एस. |
| 3. | सहायक लोक सूचना पदाधिकारी | रिक्त |

**जिला स्तर पर अपीलीय प्राधिकार, लोक सूचना पदाधिकारी तथा सहायक लोक सूचना पदाधिकारी का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अपीलीय प्राधिकार | जिला पदाधिकारी |
| 2. | लोक सूचना पदाधिकारी | जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, |

**प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक और इसके निर्धारण की पद्धति।**

**आई.सी.डी.एस. निदेशालय में पदस्थापित पदाधिकारी/कर्मचारी**

| क्र0सं0 | कर्मचारी का नाम | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड पे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामाशंकर दफतुआर, भा.प्र.से | निदेशक | 118500-214100 | - |
| 2 | श्री आर0एन0 वार्डियार, बि.प्र.से. | सहायक निदेशक | 15600-39100 | 6600 |
| 3 | मो0 तारिक, बि.प्र.से. | सहायक निदेशक | 15600-39100 | 6600 |
| 4 | श्रीमती भारती प्रियम्बदा | सहायक निदेशक | 9300-34800 | 5400 |
| 5 | श्रीमती निरूपा कुमारी | विशेष पदाधिकारी | 9300-34800 | 5400 |
| 6 | श्रीमती संगीता कुमारी | लेखा पदाधिकारी | 9300-34800 | 5400 |
| 7 | श्रीमती श्वेता सहाय | अनुश्रवण पदाधिकारी | 9300-34800 | 5400 |
| 8 | श्री मदन सिंह | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 5400 |
| 9 | श्री सुनील कुमार लाल दास | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 5400 |
| 10 | श्रीमती कुमारी अनिता चौधरी | सहायक निदेशक | 9300-34800 | 4800 |
| 11 | श्रीमती एम.एम. हाशमी | सांख्यिकी पदाधिकारी | 9300-34800 | 4800 |
| 12 | श्री कृष्णमोहन प्रसाद सिन्हा | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 4800 |
| 13 | श्री विनोद कुमार सिन्हा | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 4800 |
| 14 | श्री ललन कुमार झा | लेखापाल-सह-भंडारपाल | 9300-34800 | 4600 |
| 15 | श्री अनिल कुमार | लेखापाल-सह-भंडारपाल | 9300-34800 | 4600 |
| 16 | श्री विश्वजीत कुमार सुमन | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 4200 |
| 17 | श्री राजेश कुमार | सांख्यिकी सहायक | 9300-34800 | 4200 |
| 18 | श्री अक्षय कुमार राय | लिपिक-सह-टंकक | 9300-34800 | 4200 |
| 19 | श्री राजेश प्रसाद | लिपिक-सह-टंकक | 9300-34800 | 4200 |
| 20 | श्री राजदेव प्रसाद सिन्हा | (निलंबित) आशुलिपिक | 9300-34800 | 4200 |
| 21 | श्री खुर्शीद आलम | निम्नवर्गीय लिपिक | 5200-20200 | 2400 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | मो0 कुमुद रानी<br>(समाज कल्याण निदेशालय में प्रितनियुक्त) | निम्नवर्गीय लिपिक | 5200-20200 | 1900 |
| 23 | श्री दिनेश कामति<br>(माननीय मंत्री स0क0 विभाग के कोषांग में प्रतिनियुक्त) | चालक | 9300-34800 | 4200 |
| 24 | श्री हरेन्द्र सिंह | चालक | 5200-20200 | 2800 |
| 25 | श्री रामकरण ठाकुर | चालक | 5200-20200 | 2800 |
| 26 | श्री बैद्यनाथ मिश्रा | कार्यालय परिचारी | 5200-20200 | 2400 |
| 27 | श्री अरूण कुमार सिन्हा | कार्यालय परिचारी | 5200-20200 | 2400 |
| 28 | श्री केदार राम | कार्यालय परिचारी | 5200-20200 | 2000 |
| 29 | श्री राजकिशोर रजक | कार्यालय परिचारी | 4440-7440 | 1650 |

**<u>सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगता</u> <u>निदेशालय द्वारा निम्नांकित पेंशन योजनाऐं कार्यान्वित की जाती है:-</u>**

**(क) केन्द्रीय पेंशन योजनाऍं :-**

- इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना
- इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना
- इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना

**(ख) <u>राज्य पेंशन योजनाऍं :-</u>**

- लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
- बिहार दिव्यांगता पेंशन योजना
- राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

**1. इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना :-**

- इस योजना के अन्तर्गत बीoपीoएलo परिवार के 60-79 वर्ष आयु वर्ग के वृद्ध व्यक्ति को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है, जिसमें रू0 200/- केन्द्र सरकार द्वारा एवं रू0 200/- राज्य सरकार द्वारा अंशदान किया जाता है।

- 80 वर्ष वर्ष उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्ध व्यक्ति को रू0 500/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है, जिसमें शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाती है।
- इस योजना में आवेदन विहित प्रपत्र में दो प्रतियों में प्रखण्ड के RTGS काउन्टर पर जमा किया जाता है।
- इस योजना के स्वीक़ृति पदाधिकारी अनुमण्डल पदाधिकारी हैं।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 42.92 लाख है, जिसमें से 36.23 लाख पेंशनधारियों का खाता संख्या उपलब्ध है।

**2. इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना:-**

- इस योजना के अन्तर्गत् बीoपीoएलo परिवार के 40-79 वर्ष आयु वर्ग की विधवा महिला को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है, जिसमें रू0 300/- केन्द्र सरकार द्वारा एवं रू0 100/- राज्य सरकार अंशदान किया जाता है।
- 80 वर्ष आयु के उपरान्त इस योजना के पेंशनधारी को इन्दिरा गॉधी वृद्धावस्था पेंशन योजना में स्थानांतरित किया जाता है।
- इस योजना में आवेदन विहित प्रपत्र में दो प्रतियों में प्रखण्ड के RTGS काउन्टर पर जमा किया जाता है।
- इस योजना के स्वीकृति पदाधिकारी अनुमण्डल पदाधिकरी हैं।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 5.42 लाख है, जिसमें 4.60 लाख पेंशनधारियों का खाता संख्या उपलबध है।

**3. <u>इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना:-</u>**

- इस योजना के अंतर्गत बीoपीoएलo परिवार के 18-79 वर्ष आयु वर्ग के 80 या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग व्यक्ति को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है, जिसमें रू0 300/- केन्द्र सरकार द्वारा एवं रू0 100/- राज्य सरकार द्वारा अंशदान दिया जाता है।
- 80 वर्ष आयु के उपरान्त इस योजना के पेंशनधारी के इन्दिरा गॉधी वृद्धावस्था पेंशन योजना में स्थानांतरित किया जाता है।
- इस योजना में आवेदन विहित प्रपत्र में दो प्रतियों में प्रखण्ड के RTGS काउन्टर पर जमा किया जाता है।
- इस योजना के स्वीकृति पदाधिकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हैं।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 1.07 लाख है, जिसमें से 94,455 पेंशनधारियों का खाता संख्या उपलब्ध है।

**4. लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना:-**

- इस योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की वैसी विधवा जिनकी वार्षिक आय रू0 60,000/- से कम हो या जो बीoपीoएलo परिवार की हों परन्तु इन्दिरा गॉधी विधवा पेंशन योजना के अन्तर्गत् आच्दाति नहीं हो, को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है।
- इसमें शत-प्रतिशत राशि राज्य सरकार के द्वारा अंशदान किया जाता है ।
- इस योजना में आवेदन विहित प्रपत्र में दो प्रतियों में प्रखण्ड के काउन्टर पर जमा किया जाता है ।

- इस योजना के स्वीकृति पदाधिकारी अनुमण्डल पदाधिकारी है ।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 5.40 लाख है, जिसमें से 4.56 लाख पेंशनधारियों का खाता संख्या उपलब्ध है ।

### 5. बिहार दिव्यांगता पेंशन योजना :-

- इस योजना के अंतर्गत किसी भी आय एवं आयुवर्ग के 40 या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है ।
- इसमें शत-प्रतिशत राशि राज्य सरकार के द्वारा अंशदान किया जाता है ।
- इस योजना में आवेदन विहित प्रपत्र में दो प्रतियों में प्रखण्ड के काउन्टर पर मा किया जाता है ।
- इस योजना के स्वीकृति पदाधिकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी है ।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 6.34 लाख है, जिसमें 5.46 लाख पेंशनधरियों का खाता संख्या उपपलब्ध है ।

### 6 राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना :-

- इस योजना के अंतर्गत 60-64 वर्ष आयु वर्ग के वैसे वृद्ध व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षे मं रू0 5500/- एवं ग्रामीण क्षे मं रू0 5000/- हो, को रू0 400/- प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है । विमुक्त बंधुआ मजदूर के मामले में आय एवं उम्र का बंधेज नहीं है ।
- इसमें शत-प्रतिशत राशि राज्य सरकार के द्वारा अंशदान किया जाता है ।
- इस योजना के स्वीकृति पदाधिकारी वृद्ध व्यक्तियों के मामले में अनुमण्डल पदाधिकारी तथा बंधुआ मजदूर के मामले में जिला पदाधिकारी है ।
- इस योजनान्तर्गत डिजिटाईज पेंशनधारियों की संख्या 75,319 है, जिसमें से 60,983 पेंश्नधारियों का खाता संख्या उपलब्ध है ।

### 7. राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना :-

- इसके अंतर्गत 18-60 वर्ष आयु वर्ग के कमाउ सदस्य (Bread Winner) की अकस्मात मृत्यु पर उसके आश्रित को एकमुश्त रू0 20,000/- की आर्थिक सहायकता दी जाती है । इसमें शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त होती है ।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में पात्र लाभुकों के वितरण हेतु जिलों को रू0 42.00 करोड. उपलब्ध कराया गया है

### 8. मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना :-

- इस योजना के अंतर्गत किसी भी उम्र के व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु या 18-60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्ति की अपराधिक घटना में मृत्यु होने की स्थिति में उसके आश्रित परिवार/निकटस्थ संबंधी को एकमुश्त रूo 20,000/- की सहायता दी जाती है ।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू0 6.50 करोड़ का बजट उपलब्ध है एवं पात्र लाभुकों के वितरण हेतु जिलों को रू0 1.50 करोड़ उपलब्ध कराया गया है ।

## 9. कबीर अन्तेष्टि अनुदान योजना :-

- इस योजना के अंतर्गत बी०पी०एल० परिवार के किसी भी आयु के व्यक्ति की मृत्यु पर उसके अंतेष्टि क्रिया हेतु परिवार को 3000/- रू0 की एकमुश्त सहायता दी जाती है ।
- इस योजना के त्वरित भुगतान हेतु मुखिया / वार्ड कमिश्नर के पास 07 मामलों के लिए नगद राशि रू0 21,000/- हमेशा उपलब्ध रहता है तथा उनके खाते में 15 मामलों के भुगतान हेतु राशि उपलब्ध रखी जाती है ।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू0 50.00 करोड़ का बजट उपलब्ध है एवं पात्र लाभुकों के वितरण हेतु जिलों को रू0 14.00 करोड़ उपलब्ध कराया गया है ।

## 10. बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना :-

- इसके अंतर्गत (Visible Deformities Grade-II) के केष्ठ रोगी को भेजनादि हेतु रू० 1500/- प्रतिमाह प्रति कुष्ठ रोगी की दर से आर्थिक सहायता दी जाती है ।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य जीविकोपार्जन में असमर्थ कुष्ठ रोगियों को भिक्षावृत्ति से दूर रखना है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू0 15.00 करोड़ का बजट उपलब्ध है एवं पात्र लाभुकों के वितरण हेतु जिलों को रू० 10.00 करोड़ उपलब्ध कराया गया है ।

## 11. बिहार शताब्दी एड्स पीड़ीत कल्याण योजना :-

- एड्स कन्ट्रोल सोसाईटी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सहायता से संचालित इस योजना के तहत एड्स रोगियों को मुफ्त भोजन हेतु रू0 1500/- की आर्थिक सहायकता दी जाती है ।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू0 11.00 करोड़ का बजट उपलब्ध है एवं पात्र लाभुकों के वितरण हेतु सोसाईटी को रू0 1.00 करोड़ उपलब्ध कराया गया है ।

## 12. वृद्धाश्रम निर्माण :-

- पटना, पूर्णियाँ तथा गया जिला में सरकार द्वारा भवन निर्माण विभाग के माध्यम से वृद्धाश्रम निर्माण किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए रू0 1.00 करोड़ का बजट स्वीक़त है । तीनों जिलों में जमीन उपलब्ध हो गया है एवं पटना तथा गया जिला में प्रशासनिक स्वीकृति भी प्राप्त है ।

## 13. ओल्ड एज होम (सहारा) :-

- 'सहारा' कार्यक्रम के तहत वृद्धजनों के हितार्थ स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्मय से पटना, गया, पूर्णियॉ, मुजफ्फरपुर तथा भागलुपर में वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है, सिजमें प्रति वृद्धाश्रम 50 वृद्धजानों को आवासन का लाभ दिया जायेगा । इस कार्यक्रम के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए 1.00 करोड़ का बजट उपबंध है ।

## 14. बिहार समेकित सामाजिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना (BISPS) :-

- इस योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा से जुड़े येाजनाओं के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को सुदृढ़ीकरण एवं क्षमतावर्द्धन, दिव्यांग, वृद्ध तथा विधवाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं देखभाल की स्थापना एवं विस्तारीकरण किया जाना है ।
- इस येाजना के कार्यान्वयन में विश्व बैंक की सहभागिता है । योजना का कार्यान्वयन हेतु स्टेट सोसाईटी फॉर अल्ट्रा पूअर एण्ड सोशल वेलफेयर 'सक्षम' द्वारा किया जा रहा है ।
- इस योजनान्तर्गत प्रत्येक अनुमण्डल कार्यालय या अनुमण्डल स्थित प्रखण्ड कार्यालय में 01 बुनियाद केन्द्र की स्थापना प्रक्रियाधीन है । कुल 101 अनुण्मडलों में बुनियाद केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित है |
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में रू0 87.80 करोड़ का बजट उपलब्ध है ।

## 15. मुख्यमंत्री दिव्यांग सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' :-

- मुख्यमंत्री दिव्यांग सशहिक्तकरण योजना (सम्बल) का प्रारंभ वित्तीय वर्ष 2012-13 में किया गया ।
- दिव्यांगजनों के हितार्थ पूर्व में संचालित योनाएँ जो अलग-अलग शीर्ष के तहत स्वीकृत थे, उन्हें जिनको समबल योजना में एक शीर्ष के तहत एकीकृत हिकया गया तथा नवघटकों को इसमें शामिल किया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए रू0 9.50 करोड़ का बजट उपलब्ध है।

**<u>घटकवार योजना की विवरणी निम्न प्रकार है:-</u>**

(a) कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण
(b) दिव्यांग छावृत्ति
(c) दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण एवं प्रमाणीकरण
(d) मुख्यमंत्री दिव्यांगजनों शिक्षा एवं स्वरोजगार ऋण योजना
(e) विशेष विद्यालयों का उत्क्रमण
(f) मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिवाकाली विद्यालय 'चमन' का संचालन
(g) दृष्टिहीन बालिकाओं के लिए विशेष आवासीय विद्यालय 'दृष्टि' का संचालन
(h) मूक बधिर बालिकाओं के लिए विशेष आवासीय विद्यालय 'कोशिश' का संचालन
(i) मानसिक दिव्यांग महिलाओं के लिए आश्रम गृह 'आशियाना' का संचालन
(j) मानसिक दिव्यांग पुरूषों के लिए आश्रम गृह 'साकेत' का संचालन

## (a) <u>कृमिक अंग उपकरण :-</u>

- इस योजना के तहत जरूरतमंद दिव्यांगजनों को तिपहितया सार्डकिल, ट्राई साईकिल, श्रवण, यंग, वैशाखी, कैलीपर, आदि उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किया जाता है।
- **पात्रता-** (क) कोई भी स्त्री/पुरूष (ख) उम्र- चलन्त दिव्यांग के लिए 14 वर्ष से अधिक (ग) दिव्यांगता - न्यूनतम 40 प्रतिशत (घ) आय - 1,00,000/- वार्षिक तक
- **आवेदन की प्रक्रिया** - विति प्रपृ में (तिपहिया साईकिल / श्रवण / वैशाखी / अंधों के लिए श्वते छड़ी) दिव्यांगता प्रमाण - पत्र की छायाप्रति / आय प्रमाण - पत्र / उम्र प्रमाण - पत्र / निवास प्रमाण - पत्र / जाति प्रमाण - पत्र की छायाप्रति के साथ आवेदन - पत्र प्रखण्ड कार्यालय / जिला सामजिक सुरक्षा कोषांग में लिया जाता है ।

## (b) <u>दिव्यांग छात्रवृति : -</u>

- सरकारी विद्यालय / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान में अध्ययनरत वर्ग 1 से स्नातकोत्तर तक के दिव्यांग छात्र / छात्राओं को छात्रवृति प्रदान करना ।
- **पात्रता** - सरकारी विद्यालय / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय / तकनीकी संस्थान में अध्ययनतर वर्ग-1 से स्नातकोत्तर तक के छात्र / छात्राएँ ।
- **अहर्त्ता** - न्यून्तम 40 प्रतिशत एवं आय रू0 2,00,000/- वार्षिक ।
- **आवेदन की प्रक्रिया** - Matric तक का आवेदन विद्यालय के माध्यम से प्रखण्ड कार्यालय में तथा महाविद्यालय / विश्वविद्यालय स्तर के आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय में लिया जाता है ।

## (c) <u>दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण एवं प्रमाणीकरण : -</u>

- दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण एवं दिव्यांगता प्रमाणीकरण पंचायत एवं प्रखण्ड स्तर पर विशेष् शिविर आयोजन कर समय-समय पर किया जाता है उक्त शिविर में चिकित्सक दल द्वक्षरा जॉचोपरान्त दिव्यांगता प्रमाण पृ निर्गत किया जाता है । वैसे सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ,अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नियमित रूप से दिव्यांगता जॉच एवं प्रमाणिकरण का कार्य किया जा रहा है ।

## (d) <u>मुख्यमंत्री दिव्यांगजनों शिक्षा एवं स्वरोजगार ऋण योजना : -</u>

- छात्र/छात्राओं को शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराना 18 से 30 वर्ष तक की उम्र के छात्र/छात्राओं जो मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं उनको 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अधिकतम 5.00 लाख ऋण दिये जाने का प्रावधान है ।
- **दिव्यांगजन** जिनकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच में हैं उन्हें स्वरोजगार हेतु 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से अधिकतम 1.5 लाख ऋण दिये जाने का प्रावधान है ।
- **दिव्यांगजन** जिनके परिवार की वार्षिक आय (शहरी क्षेत्र में 2 लाख अधिकतम एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1.60 लाख) पात्रता के रूप में है।
- उम्र- 18 वर्ष से 60 वर्ष तक।
- अहर्त्त–न्यूनतम दिव्यांगत 40 प्रतिशत।
- आय-शहरी क्षेत्र में रू0 2,00,000/- अधिकतम एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू0 1,60,000/- अधिकतम।
- ऋण की राशि- ऋण की अधिकतम राशि रू0 1,50,000/- होगा। भुगतान चेक के माध्यम से हिकया जाता है।
- आवेदन की प्रक्रिया- आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में विहित प्रपत्र में शर्त्तों के साथ लिया जायेगा।
- शिक्षा ऋण हेतु पात्रता- राज्य के वैसे दिव्यांग विद्यार्थी जो भारत सरकार, राज्य सरकार, यू0जी0सी0, ए0आई0सी0टी0ई0, आई0सी0एम0आर0 द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा संचालित डिग्री डिप्लोमा या अन्य पाठ्यक्रमों या समकक्ष मान्यता प्राप्त अन्य तकनीकी/ व्यवसायिक कोर्स की पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, को यह ऋण कोई भी दिव्यांगजन छात्र/छात्रओं को दिया जाता है।
- उम्र- 18 वर्ष से 30 वर्ष तक।
- अहर्त्ता- न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत।
- ऋण की राशि- ऋण की अधिकतम राशि रू0 5,00,000/- होगी, जिसका वार्षिक साधारण ब्याज दर 4 प्रतिशत होगा।

- आवेदन की प्रक्रिया- आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में विहित प्रपत्र में शर्त्तों के साथ लिया जायेगा।

## (e) विशेष विद्यालयों का उत्क्रमण:-

- विभाग द्वारा पटना, भागलपुर, मुंगेर एवं दभंगा में संचालित आठ विशेष विद्यालय संचालित है, जिसमें 05 मूक बधिकर विद्यालय एवं 03 नेत्रहीन बच्चों के लिए विद्यालय संचालित है।

**राज्य मूक-बधिर विद्यालय :-**

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम एवं पता | विद्यालय एवं छात्रवास-सरकारी भवन अथवा निजी भवन | छात्रों स्वीकृत बल |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कामेश्वरी प्रिया पूअर होम, राजकीय मूक बधिर विद्यालय, दरभंगा। | विद्यालय एवं छात्रावास सरकारी भवन में अवस्थित है। | 50 |
| 2 | राजकीय मूक बधिर (बालक) मध्यम विद्यालय, महेन्द्रू, पटना। | विद्यालय सरकारी भवन में अवस्थित है परन्तु छात्रावास किराये के मकान में चल रहा है। | 50 |
| 3 | राजकीय मूक बधिर (बालिका) मध्य विद्यालय, गायघाट, पटना। | विद्यालय एवं छात्रावास सराकरी भवन में अवस्थित है। | 50 |
| 4 | राजकीय मूक बधिर मध्यम विद्यालय, बड़ी खनजरपुर, भागलपुर। | विद्यालय एवं छात्रावास सरकारी भवन में अवस्थित है। | 30 |
| 5 | राजकीय मूक बधिर मध्य विद्यालय, मुंगेर। | विद्यालय एवं छात्रावास सरकारी भवन में अवस्थित है। | 25 |

### राजकीय नेत्रहीन विद्यालय:-

| क्र0 | विद्यालय का नाम एवं पता | विद्यालय एवं छात्रवास सरकारी भवन अथवा निजी भवन | छात्रों का स्वीकृत बल |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय नेत्रहीन उच्च विधालय, कदमकुआं पटना \| | विद्यालय एवं छात्रवास सरकारी भवन में अवस्थित है \| | 68 |
| 2 | कामेश्वरी प्रिया पूअर होम, राजकीय नेत्रहीन उच्च विद्यालय, दरभंगा \| | विद्यालय एवं छात्रवास सरकारी भवन में अवस्थित है \| | 58 |
| 3 | राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय भीखनपुर, भगलपुर \| | विद्यालय एवं छात्रवास सरकारी भवन में अवस्थित है \| | 25 |

**(f) मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिवाकालीन विद्यालय 'चमन' का संचालन**:- दरभंगा, छपरा, भागलपुर, सहरसा एवं पूर्णिया जिला में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से संचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त है।

**(g) दृष्टिहीन बालिकाओं के लिए विशेष आवासीय विद्यालय 'दृष्टि' का संचालन**:- 18 वर्ष तक की आयु के नेत्रहीन बालिकाओं के लिए विषेष आवासीय विद्यालय का संचालन दरभंगा, बांका , पष्चिमी चम्पारण, सुपौल, गया, किशनगंज एवं पटना जिला में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से संचालन का प्रस्ताव है।

**(h) मूक बधिर बालिकाओं के लिए विशेष आवासीय विद्यालय 'कोशिश ' का संचालन**:- 18 वर्ष तक की आयु के मूक बधिर बालिकाओं के लिए विषेष आवासीय विद्यालय का संचालन पूर्वी चम्पारण एवं भागलपुर जिला में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से करने हेतु करने का प्रस्ताव है।

**(i) मानसिक दिव्यांग महिलाओं के लिए आश्रय गृह 'आशियाना का संचालन:-** 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मानसिक दिव्यांग महिलाओं के पुनर्वास हेतु आश्रय गृह का संचालन, पूर्णिया, नवादा एवं दरभंगा जिला में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से करने हेतु स्वीकृति प्राप्त है।

**(j) मानसिक दिव्यांग पुरूषों के लिए आश्रय गृह 'साकेत का संचालन:-** 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मानसिक दिव्यांग पुरूषों के पुनर्वास हेतु आश्रय गृह का संचालन, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, एवं सहरसा जिला में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से संचालन करने का प्रस्ताव है।

**16. मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना:-**

वित्तीय वर्ष 2016-17 में इस योजना का प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के तहत दिव्यांग पुरूष/महिला के विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकतम परिपक्वता राशि देने वाले राष्ट्रीकृत बैंको सावधि जमा के माध्यम से रू0 50,000/- अनुदान के रूप में देने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए रू0 50.00 लाख का योजना उद्व्यय/बजट उपलब्ध है।

**17. वस्त्र वितरण कार्यक्रम (गैर योजना मद):-** वस्त्र वितरण कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत राज्य के भूमिहीन, अपंग, निर्धन तथा भिक्षुकों के बीच धोती, साड़ी, चादर (सूती) एवं ऊनी कम्बल का मुफ्त वितरण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। यह गैर योजना कार्यक्रम है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में रू0 2.00 करोड़ का बजट उपबंध है।

वितरण कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत राज्य के भूमिहीन, अपंग, निर्धन तथा भिक्षुकों के बीच धोती, साड़ी, चादर (सूती) एवं ऊनी कम्बल का मुफ्त वितरण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। यह गैर योजना कार्यक्रम है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में रू0 2.00 करोड़ का बजट उपबंध है।

**सामजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगता निदेशालय (सामज कल्याण विभाग), बिहार, पटना के पदाधिकारी / कर्मचारी का वेतमान संबंधी विवरणी**

| क्र0सं0 | पदाधिकारी /कर्मचारीयों का नाम | पदनाम | पुनरीक्षित वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री रामाशंकर दफतुआर, भा0प्र0से0 | निदेशक | 118500-214100 |
| 2 | श्री शिव कुमार सिन्हा | सहायक निदेशक | 37400-67000 |
| 3 | श्रीमती शशि सुधा कुमारी | सहायक निदेशक | 9300-34800 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्री दिनानाथ प्रसाद | प्रशाखा पदाधिकारी | 9300-34800 |
| 5 | मो0 रियाजुल नबी | सहायक | 9300-34800 |
| 6 | श्री राकेश रंजन सिन्हा | सहायक | 9300-34800 |
| 7 | श्री प्रवीण कुमार | सहायक | 9300-34800 |
| 8 | श्री प्रकाश चन्द्र झा | सहायक | 9300-34800 |
| 9 | श्री नवीन कुमार दिवाकर | सहायक | 9300-34800 |
| 10 | श्री क़ष्ण कुमार | उच्च वर्गीय लिपिक | 9300-34800 |
| 11 | श्रीमती म़तिका रत्नम | निम्न वर्गीय लिपिक | 5200-20200 |
| 12 | श्री आशुतोष कुमार | निम्न वर्गीय लिपिक | 5200-20200 |
| 13 | श्री ओंकार कुमार | निम्न वर्गीय लिपिक | 5200-20200 |
| 14 | श्री राज किशोर प्र0 सिंह | अनुसेवक | 5200-20200 |
| 15 | श्री अखिलेश्वर प्रसाद | अनुसेवक | 5200-20200 |
| 16 | श्री त्रिलोकी नाथ प्रसाद | अनुसेवक | 4440-74400 |
| 17 | श्रीमती प्रतिमा देवी | अनुसेवक | 4440-74400 |

**<u>समाज कल्याण निदेशालय द्वारा निम्नांकित पेंशन योजनाएँ कार्यान्वित की जाती है:-</u>**

इस निदेशालय के अन्तर्गत मुख्य से रूप से महिलाओं, बच्चों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनके आर्थिक एवं सामाजिक सश्क्तिकरण हेतु विभिन्न योजनओं का संचालन एवं अन्य विभागों के द्वारा इन लक्ष्य समुहों के लिए संचालित कार्यक्रमों के समन्वयन का कार्य भी नोडल निदेशालय के रूप में किया जाता है। इसके साथ ही किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 में निहित प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जाता है।

समाज कल्याण निदेशालय द्वारा संचालित प्रमुख योजनायें एवं कार्यक्रम निम्न प्रकार है:-

## I. <u>किशोर न्याय प्रक्षेत्र</u>

1. किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत राज्य में सरकार द्वारा संचालित पर्यवेक्षण गृह-11, विषेष गृह-1, बाल गृह-3 एवं एक उतर रक्षा गृह, गायघाट पटना संचालित है। गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से सरकार द्वारा अनुदानित बाल गृह-27, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान-21, खुला आश्रय गृह-9 संचालित है।

- इस अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा बिहार किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) नियमावली, 2017 प्रक्रियाधीन है।
- राज्य के सभी 38 जिलों में किशोर न्याय परिषद् एवं बाल कल्याण समिति कार्यरत है।

- राज्य स्तर पर एक राज्य बाल संरक्षण समिति कार्यरत है। शेष 38 जिलों में जिला बाल संरक्षण समिति गठित है।
- राज्य के सभी जिलों में पर्यवेक्षण गृह का निमार्ण कराया जाना है। वर्तमान में 15 जिलों में पर्यवेक्षण गृह का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ जिलों में गृहों का निर्माण की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। जिन जिलों में अभी तक गृह के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। वहाँ की जिला पदाधिकारी से भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।
- वर्तमान में संचालित गृहों के अतिरिक्त विभिन्न जिलों में कुछ और गृहों के संचालन हेतु समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत अतिरिक्त पदों का सृजन वित्तीय वर्ष 2012 में किया गया है।
- गैर योजना मद में राज्य सरकार द्वारा संचालित पर्यवेक्षण गृह/बाल गृह (बालक एवं बालिका)/विशेष गृह के संधारणार्थ वित्तीय वर्ष 2014-15 में 595.27 लाख, वित्तीय वर्ष 2015-16 में 514.94 लाख, वित्तीय वर्ष 2016-17 में 562.28 लाख बजट उपबंध था तथा वर्ष 2017-18 में 409.30 लाख का बजट उपबंध है। इसके अतिरिक्त समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत गृहों की संचालन हेतु केन्द्रांश एवं राज्यांश के अनुरूप 60ः40 के अनुपात में राषि उपलब्ध होती है। जिसका विवरण निम्नवत् है।

| 2017-18 | | | 2016-17 | | 2015-16 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उद्व्यय | व्यय | उद्व्यय | व्यय | उद्व्यय | व्यय |
| केन्द्राशं की राशि | 2800. 00 | – | 2000. 00 | 2000. 00 | 1000.00 | 500.00 |
| राज्यांश की राशि | 4200.00 | – | 3500.00 | 551.62 | 4124 | 2687.89 |

**2 दत्तकग्रहण कार्यक्रमः**- राज्य में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देष्य अंतर्देशीय दत्तकग्रहण का विनियमन एवं दत्तकग्रहण सलाहकार समिति को प्रशसकीय सहायता उपलब्ध कराना है। यह केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण एवं राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करती है। वर्तमान में राज्य के विभिन्न जिलों में इक्कीस (21) दत्तकग्रहण संस्थान संचालित है।

**3. बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006:-** 21 वर्ष से कम उम्र के युवक तथा 18 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का विवाह बाल विवाह माना जाता है जिसे रोकने तथा ऐसे विवाह के पक्षकारों को दंड देने का प्रावधान इस अधिनियम द्वारा किया गया है।

**4. <u>बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोगः</u>-** राज्य में बालकों के अधिकारों के संरक्षण तथा इनके हनन की स्थिति में उपयुक्त दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु संबंधित विभाग/संस्था द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा के लिए बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन किया गया है। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग में एक अध्यक्ष एवं छः सदस्य कार्यरत है।

## महिला प्रक्षेत्र

- समाज कल्याण विभाग द्वारा महिला सश्क्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाता है। प्राथमिकता के आधार पर वर्तमान में समाज कल्याण निदेशालय द्वारा विभिन्न अधिनियमों यथा अनैतिक पणन निवारण अधिनियम, 1956, दहेज प्रथा निशेाध अधिनियम, 1961 बिहार डायन प्रथा निशेध अधिनियम, 1999, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन किया जाता है।
- महिला एवं बच्चों के व्यापार की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु राज्य स्तरीय कार्य योजना ''अस्तित्व'' तैयार किया गया है। इसके प्रभावषाली कार्यान्वयन हेतु मानव व्यापार निरोधक कोषांग का गठित है।
- महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन महिला विकास निगम द्वारा किया जाता है।

1

## State Society For Ultra Poor and Social welfare :-

स्टेट सोसाईटी फॉर अल्ट्रा पूअर एण्ड शोशल वेलफेयर सोसाईटी रजिस्टेशन एक्ट 1860 के धारा 21 के अंतर्गत दिनांक 24.02.2012 को निबंधित हुआ एवं इसकी निबंधन संख्या - 1320/2008-09 है।

सोसाईटी का उद्देष्य अतिनिर्धन, निराश्रितों, भिक्षुकों, वृद्वजनों, दिव्यांगजनों, विधवाओं एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं सषक्तिकरण करना है।
सोसाईटी द्वारा राष्टीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राज्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की राषि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना एवं बिहार एकीकृत सामाजिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना का कार्यन्वयन किया जा रहा है।

2. **बिहार एकीकृत सामाजिक सुदृढ़ीकरण परियोजना :** परियोजना का उद्वेश्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़े योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है। परियोजना के दो मूल घटक हैः- (प) सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों एवं सेवाओं के संवितरण के सुदृढ़ीकरण हेतु विभागीय क्षमतावर्धन। (पप) दिव्यांगजनों, वृद्ध एवं विधवाओं के लिये सामाजिक सुरक्षा एवं देखभाल सम्बन्धित सेवाओं की स्थापना एवं विस्तारीकरण।
